क) "सिद्धि हेतु स्वामी गए, यह गौरव की बात,
पर चोरी-चोरी गए, यहीं बड़ा व्याधात।
सखि वे मुझसे कहकर जाते,
कह, तो क्या मुझको वे अपनी पथ - बाधा ही पाते ?"

अथवा

"सावधान ! मेरी वीणा में चिनगारियाँ आन बैठी हैं ;
टूटी हैं मिजराबें युगलांगुलियाँ ये मेरी ऐठी हैं;
कंठी रुका जाता है, महानाश का गीत रुध्द होता है;
आग लगेगी क्षण में ह्रत्तल में, अब क्षुब्ध युध्द होता है;।"

ख. "मुझे लगा मैं क्यू में नहीं हूँ उस सड़क पर हूँ जो दिल्ली जाती है जिस पर मैं चींटी की चाल चल रहा हूँ । रेलगाड़ी दिल्ली अठारह घण्टे में पहुँचती है, मैं भी आरक्षण - खिड़की तक अठारह घण्टे में ही पहुँचूँ।"

अथवा

"अपने प्रधानमन्त्री देश के लिए दु:खी हैं; हँस नहीं सकते । हँसेंगे तो लोग कहेंगे कि देश में ऐसी हालत है ? और अपना प्रधानमन्त्री हँस रहा है । इससे विदेश में हमारी छवि खराब होगी ।"

प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२०)

च) 'शहीदों के प्रति अनन्य निष्ठा और श्रध्दा पुष्प की अभिलाषा कविता की मूल संवेदना है' - स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

'बीन भी हूँ , मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ' कविता की मूल संवेदना को अपने शब्दों में लिखिए ।

छ. 'खरगोश के सींग' रचना का भाव स्पष्ट करते हुए रचना की मूल संवेदना लिखिए।

अथवा

'अंगद का पाँव' निबंध के संपूर्ण व्यंग्य पर प्रकाश ड़ालिए।

प्र.३ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

ट. 'हिमाद्री तुङ्ग श्रृङ्ग से' कविता का राष्ट्रीय भाव।

अथवा

'हिमालय' कविता का आशय ।

पिछे देखिए

ठ. 'भोलाराम का जीव' रचना का सारांश

अथवा

'समस्या सुलझाने में बुध्दिजीवी का योगदान' रचना का व्यंग्य।

प्र.४ अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र का प्रारुप निर्मित कीजिए : (८)

१. आपके घर आपकी बड़ी बहन का विवाह पड़ जाने के कारण महाविद्यालय से एक सप्ताह के अवकाश हेतु आवेदन पत्र का नमूना निर्मित कीजिए ।

२. आपके मुहल्ले में जल-जमाव होने के कारण बीमारी फैलने की आशंका से संबंधित अधिकारी के नाम पत्र का प्रारुप निर्मित किजिए ।

ब) कोष्ठक में दी गयी सूचना के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (८)

१. देश विकसित हो चुका है । (अपूर्ण वर्तमान काल में बदलिए।)

२. कमाओं रोटी अपनी स्वयं । (वाक्य शुध्द कर के पुन: लिखिए।)

३. द्वार पर साधु खड़ी है । (वर्तनी शुध्द कर के पुन: लिखिए।)

४. सोनू छिप गया है । (प्रश्नार्थक वाक्य में बदलिए)

सूचना : प्रश्न क्रमांक (४) के (अ) के लिए काल्पनिक नाम एवं पते का प्रयोग कीजिए ।

* * * * *